# PANCHSHEEL PUBLIC SCHOOL

10+2 Senior Secondary School (Affiliated & Recognized by CBSE)
Jaitpur, Badarpur, New Delhi-44

**Mid-Term Examintion 2023-24 (Revison Paper)**

**Time:** **Subject: Hindi**

**Class: XIl** **M.Marks: 60**

**Name……………………** **Roll No………….……** **Section …….**

**Date:**

1) गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए (5)

हिंदी के बारे में या उसके विरोध के बारे में जब भी कोई हलचल होती है, तो राजनीति का मुखौटा ओढ़े रहने वाले भाषा व्यवसायी बेनकाब होने लगते हैं। उनकी बेचैनी समझ में नहीं आती संविधान में स्पष्ट प्रावधानों के बाद भी यह अविश्वास का माहौल बनता क्यों है? संविधान के अनुच्छेद 351 में हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश देते हुए यह स्पष्ट कहा गया है। 'संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करें जिससे वह भारत की सामाजिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्तानी और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं के प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए जहां आवश्यक या वांछनीय हो वहां उसके शब्द भंडार के लिए मुख्यता संस्कृत से अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करें।' यही सब देखकर हिंदी के विषय में अक्सर यह लगने लगता है कि जैसे संविधान के संकल्पों का निष्कर्ष कहीं खो गया है और हम निर्माताओं के आशय से कहीं दूर भटक गए हैं सहज ही मन में यह प्रश्न उठता है कि हमने संविधान के सपनों को साकार करने के लिए क्या किया? क्यों नहीं हमारे कार्यक्रम प्रभावी हुए? क्यों और कैसे अंग्रेजी भाषा की मानसिकता पर हमारी युवा एवं किशोर पीढ़ी पर इतनी हावी हो चुकी है कि इसी मिट्टी में जन्मी हमारी भाषा की अस्मिता और भविष्य संकट में प्रतीत होता है।।

I) हिंदी के बारे में या उसके विरोध के बारे में कोई हलचल होती है तो कौन से लोग बेनकाब होने लगते हैं?

क) राजनीतिक ख) बुद्धिजीवी ग) भाषा व्यवसायी

II) संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश दिए गए हैं?

क) अनुच्छेद 324 ख)अनुच्छेद 325 ग) अनुच्छेद 351

III) संविधान ने हिन्दी भाषा के प्रसार की जिम्मेदारी किसको सौंप रखी है?

क) संघ को ख) राज्य को ग) प्रधानमंत्री

IV) संविधान के निर्देशों में हिंदी भाषा को समृद्ध करने के लिए मुख्य रूप से किस भाषा से शब्द ग्रहण करने की बात कही गई है?

क) अंग्रेजी ख) पाली ग) संस्कृत

V) कौन सी भाषा आज की युवा पीढ़ी पर हावी हो चुकी है?

क) हिंदी ख) अंग्रेजी ग) संस्कृत

2) काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनिए. (5)

यदि फूल नहीं बो सकते तो कांटे कम से कम मत बोओ

है अब हम चेतना की घाटी, कमजोर बड़ा मानव का मन ममता की शीतल छाया में होता कटता का स्वयं शमन
ज्वालाएँ सब घुल जाती हैं खुल खुल जाते हैं मुँदे नचन

होकर निर्मलता में प्रशांत, बहता प्राणों का क्षुब्ध पवन

संकट में यदि मुसका न सको, भय से कातर को मत रोओ

यदि फूल नहीं बोल सकते हो तो कांटे कम से कम मत बोओ।

I)फूल बोने का प्रतीकार्थ क्या है?
क अच्छे पौधे लगाना
ख अच्छे कार्य करना
ग अच्छी सीख देना

II)मन में अशांति का उदय कब होता है?
क मन से विरोध की भावना हट जाना
ख मन में विरोधी भावना आ जाना
ग उपरोक्त दोनों

III)संकट आने पर मनुष्य का व्यवहार कैसा होना चाहिए?
क निडर रहना चाहिए
ख मुस्कुराते रहना चाहिए
ग दोनो

IV) मन में कटुता की भावना दूर करने का साधन क्या हो सकता है?
क प्यार के बोल
ख क्रांति के बोल
ग विरोध के बोल

V)'खुल खुल जाते हैं मुँदे नयन' में कौन सा अलंकार है ?
क उपमा अलंकार
ख अनुप्रास अलंकार
ग पुनरुक्ति अलंकार

3)निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए (5)

क) क्रिकेट मैच का प्रसारण किस प्रकार का है ?
- I) फोन इन
- II) एंकर पैकेज
- III) सीधा प्रसारण
- IV) एंकर बाइट

ख) समाचार पत्र प्रकाशित करने की आखिरी समय सीमा को क्या कहा जाता है?
- I) ब्लू लाइन
- II) ब्लैक लाइन
- III) रेड लाइन
- IV) डैड लाइन

ग) भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का दूसरा तौर कब प्रारंभ हुआ ?
- I) 2001
- II) 2002
- III) 2003
- IV) 2004

घ) समाचार का प्रवेश द्वार कैसे माना जाता है ?
- I) इंट्रो

II) बॉडी

III) समापन

IV) शीर्षक

ड) पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं?

I) दो

II) तीन

III) चार

V) पांच

4)काव्यांश पढ़कर सही विकल्पों का चयन कीजिए(5)

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर इस घर उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने ?

क) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने किसके अस्तित्व से जुड़े महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं?

I) कविता के

II) चिड़िया के

III) उड़ान के

IV) यात्रा के

ख) काव्यांश में कवि किसकी यात्रा के बारे में बता रहा है ?

I) कविता की

II) भाषा की

III) सैनिक की

IV) फूल की

ग) कभी ने कविता को किसकी उड़ान माना है ?

I) कल्पना की

II) शब्दों की

III) सीमा की

IV) प्रश्नों की

घ) चिड़िया की उड़ान कैसी होती है ?

I) अपार

II) असीमित

III) सीमित

IV) अनंत

ड) कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने पंक्ति का आशय क्या है ?

I) कविता की उड़ान चिड़िया की उड़ान से कम होती है

II) चिड़िया की उड़ान अनंत है

III) कविता की उड़ान अनंत है

IV ) चिड़िया कविता की उड़ान से परिचित है

3) गद्यांश पढ़कर निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए (5)

उछलते कूदते, एक दूसरे को धकियाते ये लोग गली में किसी दुमहले मकान के सामने रुक जाते," पानी दे मैया, इंदर gसेना आई है।"और जिन घरों में आखिर जेठ या शुरू असाढ के उन सूखे दिनों में पानी की कमी भी होती थी, जिन घरों के कुए, भी सूखे हुए थे, उन घरों से भी सहेज कर रखें हुए पानी में से बाल्टी या घड़े भर भर कर इन बच्चों को सिर से पैर तक तर कर दिया जाता था । ये भीगे बदन मिट्टी में लोट जाते थे, पानी फेकने से पैदा हुए कीचड़ में लथपथ हो जाते थे।

हाथ पांव बदन मुंह पेट सब पर गंदा कीचड़ मल कर फिर " हांक लगाते हैं "बोल गंगा मैया की जय" और फिर मंडली बांधकर उछलते कूदते अगले घर की ओर चल पड़ते बादलों को टेरते ,"काले मेघा पानी दे ।"

क) किसी दुमहले मकान के सामने कौन रोक जाते थे?

I) मुसाफिर
II) इंद्र सेना
III) प्यासे लोग
IV) जलसे भीगे लोग

ख) किन महीनो में पानी मांगा जाता था ?

I) सावन भादो
II) जेठ आषाढ़
III) क्वार कार्तिक
IV) माघ सावन

ग) इंदर सेना किसकी जय बोलती थी?

I) गांव वालों की
II) माता पिता की
III) गंगा मैया की
IV) इंद्र देवता की

घ) इंदर सेना पर कैसा पानी डाला जाता था ?

I) पीने का पानी
II) गंदा पानी
III) गंगा का पानी
IV) यमुना का पानी

ड) बालकों के हाथ पैर मुख किस कारण मिट्टी में लिपट जाते थे?

I) कीचड़ के कारण
II) धूप में घूमने के कारण
III) आंधी चलने के कारण
V) ग्रामीण परिवेश के कारण

4) निर्देशानुसार सही विकल्प चुनिए (5)

I) सुबह शाम ध्यान लगाने का प्रयास करने पर यशोधर बाबू का मन इन में से कहां डूब जाता था ?

क) परम सत्ता में

ख) घर परिवार में

ग) अपनी नौकरी के बीते दिनों में

घ) किशन दा के साथ बिताए दिनों में

2) बच्चों के व्यवहार में आए परिवर्तन का मुख्य कारण यशोधर बाबू क्या मानते थे ?

क) दिल्ली का वातावरण

ख)आधुनिकता का प्रभाव

, ग)जनरेशन गैप

ङ) उच्च शिक्षा का प्रभाव

3) बिखरे परिवार के प्रति यशोधर जी का लगाव किस दृष्टि से मूर्खतापूर्ण है?

क) सामाजिक दृष्टि से

ख) आर्थिक दृष्टि से

ग) पारिवारिक दृष्टि से

घ ) आधुनिक दृष्टि स

4) मंत्री मास्टर कौन सा विषय पढ़ाते थे ?

क) भूगोल

ख) हिंदी

ग) अंग्रेजी

घ) गणित

,5) लेखक के दादा ने दत्ता राव से क्या फायदा किया ,?

क) लेखक को पाठ शाला भेजने का

ख) खेती में मन लगाने का

ग) घर के कामों में ध्यान देने का

घ) खेती में लागत लगाने का

खंड ब

ख) किसी एक विषय पर60 शब्दों में अप्रत्याशित लेख लिखिए (6) सावन की पहली झड़ी

ग) युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव

घ) बढ़ते हुए पानी का संकट

5) समाचार लेखन के उल्टा पिरामिड शैली का विस्तार से वर्णन कीजिए (4)

6) काव्य खंड पर आधारित दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए. (6)

क) कैमरे में बंद अपाहिज कविता को आप करुणा की कविता मानते हैं या क्रूरता की ? उत्तर दीजिए

ख) पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं-बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है?

7) काव्य खंड पर आधारित प्रश्नों के 40 शब्दों में उत्तर दीजिए. (4)

क) किशोर और युवा वर्ग समाज के मार्गदर्शक हैं कैसे?

ख) आसमान में रंग बिरंगी पतंगों को देखकर आपके मन में कैसे ख्याल आते हैं ? लिखिए

8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए. (6)

क ) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई?

ख) बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या क्या असर पड़ता है ?

12) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए. (4)

क) मॉल की संस्कृति और साप्ताहिक बाजार की संस्कृति में क्या अंतर है?

ख)' खोटे सिक्कों की टकसाल 'किसे और क्यों कहा गया है?